प्रेस नोट **16.03.2023**

तीन शातिर अपराधियों को किया गया जिलाबदर–

जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के क्रम में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुवे आज दिनांक 16.03.2023 को तीन शातिर अभ्यासतन अपराधियों को उनके नाम के सम्मुख अवधि के लिए जिलाबदर किया गया है।

जिलाबदर अभियुक्तगण–

1. किशन मद्धेशिया पुत्र मुन्ना मद्धेशिया निवासी सिंधी कालोनी, हालपता भीटी थाना कोतवाली। **(06 माह)**
2. सुधीर उर्फ आशतोष उर्फ जल्लाद पुत्र गोपाल यादव निवासी जमीन सहरूल्लाह थाना हलधरपुर। **(06 माह)**
3. आबिद पुत्र मो0 युसुफ निवासी दोस्तपुरा थाना कोपागंज। **(06 माह)**

उक्त अपराधियों को अन्तर्गत धारा 3(1) यूपी गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत सम्बन्धित थानों द्वारा नियमानुसार मुनादी कराकर जिलाबदर की कार्यवाही की गयी।

चोरी की 02 राशि मवेशी तथा चोरी में प्रयुक्त वाहन एक स्कार्पियो बरामद –

आज दिनांक 16.03.2023 को थाना मधुबन पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर बउवा पुल के पास से घेराबन्दी कर एक वाहन स्कार्पियो डीएल 3 सीएएस 0372 में क्रूरतापूर्वक लाद कर चोरी कर जा रही दो राशि मवेशी (पड़िया) बरामद किया गया जबकि अभियुक्तगण भागने में सफल रहे। इस सम्बन्ध में अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 74/23 धारा 279,411,414 भादवि0 व धारा 11 पशुक्रूरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा बरामद वाहन को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट सीज किया गया।

एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 16.03.2023 को थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान भगवानपुर से मु0अ0सं0 97/23 धारा 354,342 भादवि0 व धारा 7/8 पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त सूरज पुत्र मुराली निवासी भगवानपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।